दौरा — आजीविका मिशन से बैगा महिलाओं के जीवन में आए बदलाव का जाना हाल

# बैगा बाहुल्य गांवों में पहुंचा दिल्ली का मूल्यांकन दल

▶ गांवों के महिला समूहों से शोध दल ने किया सीधा संपर्क



**बबलिया/नारायणगंज।** ंडला जिले के नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत आने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में इन दिनों केंद्रीय अध्ययन किया जा रहा है। भारत सरकार के शोध संस्थान की दिल्ली से आई राष्ट्रीय मूल्यांकन दल ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर विशेष रूप से कमजोर जनजाति बैगा महिलाओं के जीवन स्तर का बारीकी से मूल्यांकन किया।

जानकारी अनुसार राष्ट्रीय मूल्यांकन दल में शामिल वरिष्ठ अधिकारी व नेशनल मॉनीटर डॉ. अमित तिवारी, डॉ. ठाकुर एवं डॉ. राठौर ने विकासखंड के सुदूर बैगा बाहुल्य ग्राम कापा, चकदेही, मुकासखुर्द, देवरीकला, बबलिया, डोभा और डोभी का सघन दौरा किया। यहाँ टीम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित महिला स्व-सहायता समूहों से सीधा संपर्क साधा। टीम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रभाव से विशेष रूप से कमजोर जनजाति बैगा महिलाओं के आजीविका प्रतिरूपों में परिवर्तन, मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में विषय पर व्यापक अध्ययन करना है।

### बचत, व्यावसायिक गतिविधियों और योजनाओं के लाभ पर हुआ महामंथन

राष्ट्रीय मूल्यांकन दल के सदस्यों द्वारा बैगा महिलाओं के साथ समूह की औपचारिक बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में महिलाओं द्वारा की जाने वाली नियमित बचत, उनके द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के प्रारूप और शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से बैगा परिवारों के रहन-सहन व जीवन स्तर में आए सकारात्मक परिवर्तनों पर बिंदुवार विशेष चर्चा की गई। महिलाओं ने भी खुलकर अपने आजीविका के साधनों और आर्थिक स्वावलंबन की कहानियों को शोध दल के सामने साझा किया।

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमले की रही उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण अध्ययन और चर्चा के दौरान स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों और समूहों का उत्साहवर्धन करने के लिए नारायणगंज जनपद पंचायत के अध्यक्ष आसाराम भारतीया, ग्राम पंचायत सरपंच देवचरण पंद्राम, पंचायत इंस्पेक्टर श्री पटेल, ग्राम पंचायत सचिव रामू सिंह बरकड़े, सहायक सचिव दिनेश यादव समेत बड़ी संख्या में बैगा परिवारों के सदस्य और ग्रामीण जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शोध दल इस अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर आगामी रिपोर्ट तैयार कर भारत सरकार को सौंपेगा।



## श्रमिकों के लिए मानधन योजना बेहद उपयोगी : कलेक्टर

**नवभारत,मंडला।** जिला योजना भवन में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिला श्रम अधिकारी ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना का प्रस्तुतिकरण दिया। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के गरीब श्रमिकों के लिए यह योजना बेहद उपयोगी है और जिले में लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी विभाग सहयोग करें। कलेक्टर श्री धोटे ने महिला बाल विकास विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और पंचायतों को निर्देश दिए कि वे मिलकर लोगों को इस पेंशन योजना में पंजीयन के लिए प्रेरित करें। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत 18 से 40 वर्ष तक के असंगठित श्रमिक, जैसे घरेलू कामगार, रेहड़ी-पटरी वाले, रिक्शा चालक, दर्जी, कृषि मजदूर जिनकी मासिक आय 15,000 रुपए तक है, पंजीयन करा सकते हैं।



# भजनों और जयघोषों के बीच निकली गंगा कलश यात्रा

▶ नैनपुर के झिरिया में बावड़ी उत्सव का आयोजन, बीहड़ माता मंदिर परिसर में ग्रामीणों ने ली जल बचाने की शपथ

**नवभारत,नैनपुर।** मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रविवार को विकासखंड स्तरीय बावड़ी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नैनपुर विकासखंड के ग्राम झिरिया स्थित प्रसिद्ध बीहड़ माता मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जल स्रोत पूजन, गंगा कलश यात्रा, सामूहिक श्रमदान एवं जल संरक्षण की शपथ जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जल सहेजने के प्रति जागरूक किया गया।

### कलश यात्रा और जलाभिषेक से हुआ शुभारंभ

यह आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती सीता उइके के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन सेक्टर-3 डिठौरी की नवांकुर संस्था तेजस्विनी महिला शक्ति संघ नैनपुर तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत पवित्र कलश के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद माँ गंगा के सुमधुर भजनों और गगनभेदी जयघोषों के बीच एक भव्य गंगा कलश यात्रा निकाली गई। कलश स्थापना के बाद सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने बीहड़ माता मंदिर में जलाभिषेक कर विधिवत पूजन-अर्चन किया।

### श्रमदान कर की साफ-सफाई, ग्रामीणों ने सीखी जल चेतना

उत्सव के दौरान केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं हुए, बल्कि सामाजिक सरोकार निभाते हुए ग्रामीणों और संस्था के सदस्यों ने स्थानीय बावड़ी के आसपास सामूहिक श्रमदान किया। लोगों ने बावड़ी की गहराई से साफ-सफाई कर प्राचीन जल स्रोतों के पुनरुद्धार और उनके संरक्षण का जमीनी संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और प्रबुद्ध जनों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तीनों महत्वपूर्ण चरणों, जल गंगा दशहरा के आध्यात्मिक महत्व तथा बावड़ी उत्सव की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी ग्रामीणों ने भविष्य में पानी की एक-एक बूंद बचाने और जल स्रोतों को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ ली।

# मंडला के मोहित ने बढ़ाया जिले का मान

▶ इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ की मौजूदगी में संपन्न हुआ दीक्षांत समारोह



**नवभारत,मंडला।** स्थानीय सिविल लाइन, तिलक वार्ड मंडला निवासी मोहित खोत ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करते हुए एक गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है। मोहित खोत ने देश के बेहद प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर से अपनी एमटेक की उपाधि वर्ष 2026 के भव्य दीक्षांत समारोह में सफलतापूर्वक प्राप्त की है।

मेधावी छात्र मोहित खोत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के अंतर्गत 10वीं एवं 12वीं की पढ़ाई मोन्टफोर्ट स्कूल, मंडला से पूर्ण की थी। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा की ओर कदम बढ़ाते हुए बीटेक की डिग्री जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, गुना से सफलतापूर्वक पूरी की। अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने देश के शीर्ष संस्थान में दाखिला लिया और अब एम.टेक. की मानद उपाधि हासिल की है।

### इसरो और यूपीएससी के दिग्गजों की उपस्थिति में मिला सम्मान

जोधपुर राजस्थान में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में देश की कई महान विभूतियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ व संघ लोक सेवा आयोग, भारत सरकार के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार उपस्थित रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में यूआईडीएआई के अध्यक्ष नीलकंठ मिश्रा, भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु के निदेशक प्रो. गोविंदन रंगराजन, राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और जोधपुर के पुलिस आयुक्त शरत कविराज मंच पर आसीन रहे। इन राष्ट्रीय स्तर के दिग्गजों की उपस्थिति में मोहित को उपाधि से नवाजा गया।

### जिले से मिल रही हैं बधाइयां

मोहित खोत नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं एमपीईबी मंडला में अपनी सेवाएं दे रहे मदन खोत एवं श्रीमती दीपाली खोत के सुपुत्र हैं। मोहित की इस ऐतिहासिक सफलता ने न केवल उनके परिवार को बल्कि संपूर्ण मंडला जिले को गौरवान्वित किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर उनके मित्रों, परिजनों, शिक्षकों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# अवैध रेत का परिवहन कर रहा बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

▶ जब्त वाहन बिछिया थाने के सुपुर्द न्यायालय में पेश होगा प्रकरण

**नवभारत,भुआ बिछिया।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग के कड़े निर्देशों तथा मंडला कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर लगातार आकस्मिक जांच और दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### बिछिया क्षेत्र में पकड़ाया बिना नंबर का ट्रैक्टर

इसी अभियान के तहत शनिवार को बिछिया क्षेत्र के भ्रमण के दौरान खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम को बड़ी सफलता मिली। टीम ने मुखबिर की सूचना पर रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त एक बिना नंबर प्लेट वाले नीले रंग के पावर ट्रैक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रंगे हाथों पकड़ा। प्राथमिक



जांच में बिना किसी वैध दस्तावेज और रॉयल्टी के अवैध रूप से खनिज रेत का परिवहन किए जाने की पुष्टि होने पर टीम द्वारा तत्काल वाहन को जब्त कर लिया गया।

### थाने की सुपुर्दगी में रखा वाहन नियमों के तहत दर्ज हुआ केस

खनिज विभाग की टीम द्वारा जब्त किए गए इस ट्रैक्टर-ट्रॉली को शासकीय अभिरक्षा में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित थाना प्रभारी, थाना बिछिया की सुपुर्दगी में सुरक्षित खड़ा करवा दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि इस अवैध परिवहन के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के कड़े प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस पूरे प्रकरण को तैयार कर आगामी वैधानिक कार्रवाई के लिए सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया तेजी से की जा रही है। जिला प्रशासन की इस मुस्तैदी से क्षेत्र के खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## अजा वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार के लिए मिलेगा 25 लाख तक का ऋण

**नवभारत, मंडला।** कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित, मंडला द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत मंडला जिले को वर्ष 2026-27 के लिए 9 इकाइयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार योजना के तहत पात्र आवेदकों को बैंक के माध्यम से 1 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक का ऋण स्वीकृत किया जाएगा। स्वीकृत एवं वितरित ऋण राशि पर निगम द्वारा प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से उपलब्ध रहेगा। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल पर प्रस्तुत कर सकते हैं। विभाग ने पात्र हितग्राहियों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

## वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों को पहनाई चप्पलें

▶ माहिष्मति घाट रामधुन में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी




**नवभारत,मंडला।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी का मंडला नगर में प्रथम आगमन हुआ। उनके आगमन पर पत्रकार परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय विश्राम गृह में उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने परिषद के सदस्यों के साथ समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न सेवाभावी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

विश्राम गृह में चर्चा के उपरांत श्री तिवारी अपने परिजनों एवं परिषद के सदस्यों के साथ मां नर्मदा के पावन तट माहिष्मति घाट पहुंचे। यहाँ माहिष्मति ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा उनका शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया।

# योगेश ने नेशनल कुश्ती में जीता कांस्य पदक

▶ ंवर्ल्ड चैंपियनशिप ट्रायल के लिए बनाई जगह



**नवभारत,मंडला।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय स्तर की ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में मंडला के होनहार पहलवान योगेश यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है।

बताया गया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 6 जून से 8 जून तक गोंडा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित की गई थी। इसमें मंडला जिले के स्थानीय श्री बजरंग व्यायामशाला बस स्टैंड के प्रतिभावान पहलवान योगेश यादव ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में देश के कई दिग्गज पहलवानों को शिकस्त देते हुए यह मुकाम हासिल किया। योगेश के कुश्ती कोच वाशु सिंधिया ने इस बड़ी कामयाबी की जानकारी देते हुए बताया कि योगेश ने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता है, बल्कि इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने लखनऊ में आयोजित होने वाली आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप की मुख्य ट्रायल के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है।

### जिले में हर्ष की लहर दिग्गजों ने दी बधाई

योगेश यादव की इस राष्ट्रीय स्तर की बड़ी उपलब्धि पर खेल प्रेमियों सहित पूरे जिले में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इस गौरवपूर्ण सफलता पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप कछवाहा, वाजित खान, सतीश मरकाम, उस्ताद नरेश सिंधिया, चंद्रशेखर सिंधिया, आनंद सोनी, किशोर गुप्ता, योगेश कछवाह, कुलदीप सिंधिया, शिवराज कछवाह, अंकित सिंधिया एवं जिला कुश्ती संघ के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने योगेश को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए हार्दिक बधाई दी है।

## प्रकृति को बचाने सभी को लेनी होगी जिम्मेदारी

▶ फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में जैव विविधता दिवस के विजेता छात्र हुए सम्मानित



**नवभारत,मंडला।** पश्चिम सामान्य वन मंडल के विशेष सहयोग से नर्मदा तट स्थित फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में एक पुरस्कार वितरण व पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राओं के सिक्के, लकड़ी की दुर्लभ कलाकृतियां व विज्ञान से संबंधित खेल चक्र प्रदर्शित किए गए, जो बच्चों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंडल अधिकारी माधव सिंह मौर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है जब हर नागरिक और बच्चे को मिलकर प्रकृति को बचाने के लिए आगे आना होगा। तेजी से बदलता क्लाइमेट हमारे लिए बड़ी चिंता और सतर्क होने का विषय है। उन्होंने हर व्यक्ति से एक पेड़ मां के नाम लगाने और प्रकृति के संतुलन में योगदान देने की अपील की। उपवन मंडल अधिकारी श्री राम सूत्रधार और प्रशिक्षण ले रहे एसडीओ श्री हर्ष मेघवाल ने भी बच्चों की चित्रकला की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण गुर सिखाए।

### वृक्ष को राखी बांधकर दिया अनोखा संदेश

इस दौरान रेंजर श्रीमती सोनम जैन ने बच्चों से हर वृक्ष को अपना मित्र बनाने की अपील की, वहीं समाजसेवी श्रीमती सरिता अग्निहोत्री ने पॉलिथीन के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर इससे मुक्त रहने का आग्रह किया।

# स्कूल एवं आंगनबाड़ी जर्जर भवनों में नहीं लगाई जाएं : कलेक्टर

▶ नैनपुर में करंट से मौत पर सख्ती, एसडीएम से मांगी जांच रिपोर्ट, दोषियों पर होगी कार्रवाई

**नवभारत,मंडला।** जिला योजना भवन में समय-सीमा और विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण संवेदनशीलता से निपटाएं। निम्न गुणवत्ता पर बंद शिकायतें री-ओपन कर संतुष्टिपूर्वक निराकृत की जाएं। सभी विभाग एक सप्ताह में ए ग्रेड में आएं। 50 दिन से अधिक लंबित प्रकरण फोर्स क्लोज कराएं और 500 तथा 1000 दिन पुराने केस भी बंद कराएं।

### रात्रि चौपाल और जनसमस्याओं पर फोकस

मवई क्षेत्र के ग्राम दाड़ी में रात्रि चौपाल के आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि संबंधित विभाग तय समय में कार्रवाई करें। ग्राम अमवार की पेयजल समस्या, चिरानटोला में विद्युतीकरण, अस्थायी पोल बदलने और छात्रावास के मुद्दों का निराकरण समय-सीमा में हो। रात्रि चौपाल के हर आवेदन का निराकरण अनिवार्य है।



### शिक्षा और स्वास्थ्य की तैयारियां

शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले कलेक्टर ने कहा कि मानसून को देखते हुए कोई भी कक्षा जर्जर भवन में न चले। डीपीसी और डीपीओ डब्ल्यूसीडी को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी। टीएल पत्रों का व्यक्तिगत फॉलोअप कर समय पर क्लोज कराने के भी निर्देश दिए।

### दुर्घटना पर नाराजगी, मत्स्य-उद्यानिकी को बढ़ावा

नैनपुर के ग्राम जहरमऊ में बिजली पोल से करंट लगने से युवक की मौत पर कलेक्टर श्री धोटे ने गहरा दुःख जताया। विद्युत कंपनी को निर्देश दिए कि ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं। एसडीएम नैनपुर से जांच रिपोर्ट मांगी, जिसके आधार पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। मत्स्य पालन में 56 किसानों के साथ 986 केज लगाने की योजना बनी है, जिसे कलेक्टर ने बढ़ावा देने को कहा। बायोफ्लाक में अब तक की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कम से कम 100 हितग्राहियों को जोड़ने के निर्देश दिए। बरगी बैकवाटर में केज से स्थानीय मछुआ समुदाय को लाभ मिले, यह भी सुनिश्चित करने को कहा। उद्यानिकी विभाग की कार्ययोजना पर असंतोष जताते हुए कलेक्टर ने फॉरवर्ड लिंकेज पर ध्यान देने को कहा। काली हल्दी, अश्वगंधा, काली तुलसी, पपीता जैसी फसलें क्लस्टर अप्रोच से बढ़ाने और आजीविका मिशन की महिलाओं से बड़े पैमाने पर मशरूम उत्पादन कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम मानिट, सीएस मानिट, जल गंगा संवर्धन, अमृत सरोवर, छात्रावासों में टंकी सफाई, अनुकम्पा नियुक्ति, गेहूं परिवहन, उर्वरक वितरण, वन अधिकार, योग दिवस, श्रमयोगी मानधन, धरती आबा, नर्मदा परिक्रमा पथ, पाण्डुलिपि सहित अंतर-विभागीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ श्री संस्कार बावरिया, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम मौजूद रहे। सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, बीएमओ और बीईओ वीसी से जुड़े।

सफलता — आजीविका मिशन ने संवारा भविष्य, डेंटिस्ट के बाद अब शासकीय चिकित्सा अधिकारी के पद पर चयन

# अंजनिया की सुमन ने एमपीपीएससी में लहराया परचम

**नवभारत,अंजनिया।** संकल्प, कठिन परिश्रम और सही समय पर मिलने वाला आर्थिक सहयोग किसी भी साधारण परिवार के बड़े सपनों को साकार कर सकता है।

इसका एक जीवंत उदाहरण बिछिया विकासखंड के ग्राम पंचायत अंजनिया से सामने आया है, जहाँ आजीविका मिशन की मदद से एक साधारण परिवार की बेटी डॉ. सुमन सैयाम ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया में सफलता हासिल कर मेडिकल ऑफिसर के पद पर अपना स्थान पक्का किया है।

### मां ने समूह के भरोसे बुना था उच्च शिक्षा का सपना

जानकारी अनुसार अंजनिया अंतर्गत पहल महिला आजीविका संकुल स्तरीय परिसंघ से पंजीकृत वैष्णवी महिला आजीविका ग्राम संगठन द्वारा संचालित रानी दुर्गावती आजीविका स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती निर्मला सैयाम आज पूरे क्षेत्र के लिए एक मिसाल बन चुकी हैं। बेहद सादगीपूर्ण जीवन जीने वाली निर्मला सैयाम की छोटी बेटी सुमन बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी थीं और चिकित्सा क्षेत्र में जाने का सपना देखती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद मां ने बेटी के हौसलों को टूटने नहीं दिया और स्व-सहायता समूह का सहारा लिया। मेधावी सुमन ने अपनी प्रतिभा के दम पर पहले 12वीं की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण की और फिर कठिन मानी जाने वाली नीट परीक्षा में सफलता हासिल की। सुमन की इस महंगी उच्च शिक्षा के खर्च को पूरा करने के लिए उनकी माता निर्मला सैयाम ने समय-समय पर अपने स्व-सहायता समूह से ऋण लिया। उन्होंने समूह के माध्यम से कुल 4 लाख 91 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त कर बेटी की पढ़ाई की राह को आसान बनाया। सुमन ने भी मां के त्याग को व्यर्थ नहीं जाने दिया और निरंतर परिश्रम करते हुए पहले दंत चिकित्सक के रूप में अपनी डिग्री पूरी की।



### ंमिशन परिवार ने दी बधाई

डॉ. सुमन और उनकी माता ने अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय आजीविका मिशन को देते हुए अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया है। इस उपलब्धि पर आजीविका मिशन मंडला के जिला परियोजना प्रबंधक बीडी भैसारे, सहायक विकासखंड प्रबंधक (नोडल) श्रीमती सलमा बेगम एवं समस्त मिशन परिवार ने डॉ. सुमन सैयाम और उनकी माता निर्मला सैयाम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।